तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 1 अप्रैल 2026

बीज व बिजली संशोधन विधेयक को शीघ्र वापस... 10



रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा सबका... 10



## खबर संक्षेप

### कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**जींद।** नरवाना में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे के निकट कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि पति घायल हो गया। चरथावल यूपी निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीमार पत्नी सुलेखा (28) को बाइक पर दवाई दिलाने टोहाना जा रहा था। हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे के निकट सामने से आ रहे कंटेनर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने उन्हें नरवाना नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी पत्नी सुलेखा को मृत घोषित कर दिया।

### बिजली स्टोर का ताला तोड़कर सामान चोरी

**जींद।** डीसी कालोनी के निकट बिजली निगम के स्टोर का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर महंगी केबलें, स्क्रैप केबल समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि डीसी कालोनी के निकट निगम ने शिकायत केंद्र तथा स्टोर बनाया है। चोरों ने स्टोर का ताला तोड़ कर महंगी केबल, स्क्रैप केबल, एसीआर कंडक्टर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### खेत से मोबाइल फोन तथा अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव कान्हाखेड़ा से मोबाइल फोन तथा अन्य सामान चोरी होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव कान्हाखेड़ा निवासी विराट ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में बने कमरे में अपना फोन चार्जिंग पर लगाया हुआ था। कुछ समय के बाद जब वह वापस लौटा तो उसका मोबाइल फोन, हुक्का समेत अन्य सामान गायब था।

### हैड कांस्टेबल संदीप कुमार बने एएसआई

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के सुरक्षा दस्ता में तैनात हैड कांस्टेबल संदीप कुमार को एएसआई की पदोन्नति मिली है। हैड कांस्टेबल संदीप कुमार को उनके प्रमोशन पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी और पूरे स्टाफ के साथ मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य कि शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि संदीप कुमार को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सरकार एवं विभाग द्वारा यह पदोन्नति का तोहफा दिया गया है।

### बुजुर्ग महिला स्कूटी की चपेट में आने से घायल

**कैथल।** ढांड रोड पर स्कूटी की टक्कर से सैर के लिए निकली एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। पीड़ित महिला का शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है। शिकायत के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शहर की महाबीर राइस कॉलोनी निवासी अंकुश ने बताया कि 22 मार्च को वह अपनी सास कमल कांता के घर ऋषि नगर आया हुआ था।

### गांव बरटा में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** चोरों ने गांव बरटा में एक किसान से खेतों से 63 केवीए ट्रांसफार्मर से तेल चोरी कर लिया। बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत मिलने के बाद कैथल सदर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बिजली निगम के एसडीओ महेंद्र सिंह ने बताया कि 14 मार्च की रात को गांव बरटा में लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर से करीब 150 लीटर तेल चोरी कर लिया। यह ट्रांसफार्मर मेवा राम के खेतों में आता है।

## खरीद एजेंसियों के साथ बैठक कर सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

# आज से 39 खरीद केंद्रों पर होगी कनक की खरीद प्रारंभ

### बायोमेट्रिक सत्यापन, जियो फेंसिंग और ट्रैक्टर ट्रॉली के अनिवार्य रजिस्ट्रेशन जैसे कड़े नियम लागू

### खरीद सुचारु रूप से चलाने के लिए बारदाना, उठान व लेबर के टेंडर जल्द शुरू किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में एक अप्रैल बुधवार से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने जा रही है। इस बार फर्जीवाड़ा रोकने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन, जियो फेंसिंग और ट्रैक्टर ट्रॉली के अनिवार्य रजिस्ट्रेशन जैसे कड़े नियम लागू किए गए हैं। खरीद एजेंसियों के साथ बैठक कर मंडियों में सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य रूप से फूड एंड सप्लाई, हैफेड, वेयरहाउस जैसी एजेंसियां खरीद करेंगी। इसे लेकर डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। इस साल जिले में गेहूं फसल की खरीद एक अप्रैल से 39 खरीद केंद्रों व मंडियों में होगी। इसकी प्रशासनिक स्तर पर मंडियों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों पर एजेंसियों को मंडियां अलॉट कर दी गई हैं। खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से चलाने के लिए बारदाना, उठान व लेबर के टेंडर जल्द शुरू किए जाएंगे। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहर की अनाज मंडी समेत अन्य मंडियों में साफ.-सफाई का काम जारी है। जींद अनाज मंडी में पेचवर्क भी किया गया है ताकि गेहूं व सरसों की फसल को मंडी में लेकर आने वाले किसानों को परेशानी न आए। इसके अलावा मंडी में लाइटिंग, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था दुरूस्त करवाई गई है। अब मंडी में गेट पास काटने के लिए कर्मचारियों के मिलने का इंतजार मार्केट कमेटी को है। जिले के जींद, जुलाना, पुरानी अनाज मंडी जुलाना, काब्रछा, खरकरामजी, खरल, लुदाना, मांगलपुर, मनोहरपुर, मुआना, ऐंचरा कलां, अलेवा, बेलरखां, छात्तर, दनौदा कलां, ढाठरथ, धमतान साहिब, धनौरी, डिडवाड़ा, फरैण कलां, फतेहगढ़, गढ़ी, घोघडियां, हाट, नगूरां, नरवाना, फूलिया कलां, पिल्लूखेड़ा, राजपुरा, सफीदों, सफीदों साइलो, शामलो कलां, सिवानामाल, सुदकैन खुर्द, उचाना, पुरानी अनाज मंडी उचाना, उझाना, भंभेवा, भंभेवा साइलो व धनखड़ी में गेहूं की खरीद की जाएगी। अलग-अलग एजेंसियां अलग-अलग दिन गेहूं की खरीद करेंगी।



जींद। मंडी में आई सरसों फसल। फोटो :हरिभूमि

### निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला में रबी सीजन के दौरान किसानों की सुविधा एवं अनाज मंडियों में फसल खरीद कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अनाज मंडी में खरीद प्रक्रिया की निगरानी एवं समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इस कार्य को लेकर एडीसी प्रदीप कुमार को ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि मंडी परिसर में साफ.-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या के समाधान के लिए नोडल अधिकारी मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उपायुक्त ने किसानों से अपील की गई है कि वे फसल निर्धारित मापदंडों के अनुसार साफ.-सुथरी अवस्था में ही मंडी में लेकर आएं तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें ताकि खरीद कार्य में तेजी लाई जा सके।

### गेहूं की खरीद के लिए सभी तैयारियां पूरी : संजीव कुमार

मार्केट कमेटी सचिव संजीव कुमार ने बताया कि एक अप्रैल से गेहूं की खरीद के लिए मंडी में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार खरीद सीजन को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। मंडियों में सफाई के साथ-साथ सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जा रहा है ताकि ट्रैक्टर व ट्रॉलियों की आवाजाही सुचारु रूप से हो सके।



जींद। खेतों में पक कर तैयार हो रहा किसानों का पीला सोना।

## मौसम के करवट लेने से किसानों की बढ़ी परेशानी

### दो दिन मौसम परिवर्तनशील रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम के करवट लेने से तापमान में गिरावट के साथ मौसम सुहाना तो बना लेकिन किसानों की सांसें अटकी रही। किसानों को बारिश का भय भी सताता रहा। आकाश में बादल देखने को मिले तो हवा की गति की काफी तेज रही। जिसके चलते फसले पसरने का खतरा बना रहा। मंगलवार को अधिकतम तापमान एक डिग्री गिर कर 31 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री गिर कर 18 डिग्री दर्ज किया गया। हवा की गति 6 किलोमीटर प्रति घंटा तथा आद्रता 41 प्रतिशत दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक-दो दिन तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। रबी की फसलें पक कर तैयार हैं। सरसों की फसल कट कर कर मंडियों में पहुंच रही है। गेहूं की फसल पकाव पर है। बालियां सुनेहरी दिखाई दे रही है। ऐसे हालात में बारिश या ओलावृष्टि होती है तो फसलो का काफी नुकसान पहुंचता है। किसानों को लगातार यही भय सता रहा। हालांकि बारिश या ओलावृष्टि नही हुई बल्कि हलकी बूंदाबादी हुई। हवा की तेज गति भी किसानों के लिए परेशानी बनी रही। किसान विजेंद्र, रामफल का कहना है कि उनका पीला सोना पक कर तैयार है। आगामी तीन से चार दिन में कटाई भी शुरू हो जाएगी। अगर अब बारिश या ओलावृष्टि होती है तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। इसके अलावा कटाई भी देरी से शुरू होगी। क्योंकि फसल के सूखने का इंतजार करना होगा। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। आगे मौसम एक-दो दिन तक परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है। दिन के तापमान में भी इजाफा होगा।

## देशी पिस्तौल व कारतूस उपलब्ध करवाने वाला आरोपित गिरफ्तार

### कोर्ट के आदेश पर आरोपी 6 दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अवैध देशी पिस्तौल व 4 कारतूस बरामदगी मामले में पुलिस ने गांव पाई निवासी विजय को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 मार्च को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एचसी हरीश कुमार की टीम गश्त द्वारा आरोपी गांव पाई निवासी नरेश उर्फ फिकर को गांव बाता से बालू रोड पर रजबाहा पुलिया के पास से एक देशी पिस्तौल (315 बोर) तथा 4 जिंदा कारतूस सहित काबू किया गया था। थाना कलायत में दर्ज मामले की आगामी जांच एचसी देवेंद्र द्वारा की गई। आरोपी नरेश से पूछताछ दौरान खुलासा हुआ था कि उसे यह असला अमुनेशन विजय द्वारा उपलब्ध करवाया गया था। आरोपी किसी अन्य मामले में करनाल जेल में बंद था, जिसकी उक्त मामले में गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे। व्यापक पूछताछ के लिए आरोपी का न्यायालय से 6 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।



### थाना कलायत क्षेत्र से महिला आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल ने कार्रवाई करते कलायत क्षेत्र से एक महिला आरोपी को 7.05 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई संदीप कुमार की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह की टीम को गश्त दौरान किसान चौंक कलायत पर मौजूद थी। जहां गुप्त सूचना मिली कि महिला सजूमा रोड़ कलायत पर हेरोइन बेचने के लिए खड़ी है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित कर उक्त स्थान सजूमा रोड़ कलायत पर दबिश देकर संदिग्ध महिला को काबू किया गया, जिसकी पहचान वार्ड नं 2 कलायत निवासी बीरो देवी के रूप में हुई। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी ललित कुमार की मौजूदगी में महिला पुलिसकर्मी द्वारा तलाशी ली गई।

## कैथल: बरसात से बदला मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में मंगलवार शाम मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। दिनभर की गर्मी के बाद शाम होते-होते आसमान में बादल छा गए और कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। मौसम में आए इस बदलाव के चलते तापमान में भी गिरावट देखने को मिली। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं से लोगों ने राहत महसूस की। दिनभर की गर्मी के बाद मौसम सुहावना हो गया और लोग घरों से बाहर निकलकर मौसम का आनंद लेते नजर आए।



### बारिश से फसलों को नुकसान की आशंका

कृषि विज्ञान केंद्र, कैथल के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले दो दिनों तक जिले में बारिश की संभावना बनी हुई है। साथ ही बादल छाए रहने और हवाएं चलने से तापमान में और गिरावट आ सकती है। मौसम में आए इस बदलाव का असर फसलों और जनजीवन पर भी पड़ सकता है। जहां एक ओर किसानों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर लगातार बारिश होने पर फसलों को नुकसान की आशंका भी बनी है।



### 23 लाख की ठगी के आरोपी गिरफ्तार


**कैथल।** ठगों द्वारा चीका क्षेत्र के एक बुजुर्ग से विदेश से रिश्तेदार बनकर 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले की जांच साइबर क्राइम थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई प्रदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद आरिज निवासी हत्थ हकीम मोहल्ला, शाहाबाद जिला हरदोई यूपी तथा सुनील निवासी गांव उधमपुर जिला हरदोई यूपी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका के वार्ड नं. 16 निवासी संतोख की शिकायत अनुसार उसके दो बेटे 15 साल से इटली गए हुए है तथा उसके साले गांव कसौर निवासी बहादुर के भी दो बेटे बलराज व मनजीत भी इटली गए हुए है। मनजीत बचपन से ही उनके घर रहता था इसलिए वह उससे बेटों की तरह प्यार करता था। शिकायतकर्ता अनुसार 29 मई 2023 को उसके पास विदेशी नंबर से काल आई। काल करने वाले ने कहा कि फुफड जी मै मनजीत बोल रहा हूं, जो वह आरोपी की बातों में आ गया और भावना में बहकर उसने अपनी पत्नी से भी आरोपी की बात करवाई। आरोपी ने उससे कहा कि वह 15 दिन बाद भारत आ रहा है और उसने इटली के डोंकरों से कागजात बनवाए है जिनके 3 लाख रुपए बनते है जो अभी देने है।

## कैथल-पटियाला मार्ग की खस्ता हालत से लोग परेशान

- सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने होने से आए दिन हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग की जर्जर हालत ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। विशेषकर सीवन नगर के अंदर इस मार्ग पर चलना बेहद कठिन हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिनके कारण दोपहिया वाहन चालकों के लिए सफर जोखिम भरा बन चुका है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार वाहन चालक इन गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। नगर निवासी विजय सरदाना, राजकुमार वधवा, पटवारी दिलबाग सिंह, बलजीत, राजेंद्र, गौरव, विक्की, साहिल और राजेश सहित अन्य लोगों ने बताया कि सीवन से कैथल की दूरी मात्र 10 किलोमीटर है, लेकिन खराब सड़क के कारण इस सफर को तय करने में करीब एक घंटा लग जाता है। पूरे रास्ते में गड्ढों की भरमार है, जिससे वाहनों को भारी नुकसान हो रहा है और आए दिन टायर फटने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। तेज रफ्तार में आ रहे वाहन चालक गड्ढों का अंदाजा नहीं लगा पाते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। लोगों का कहना है कि वे लाखों रुपये वाहनों पर खर्च करते हैं और उसके लिए लाखों रुपये का रोड टैक्स ऐडा करते हैं, लेकिन बदले में उन्हें मूलभूत सुविधा के रूप में अच्छी सड़क भी नसीब नहीं हो रही। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नगर के अंदर बिजली घर से लेकर डीएवी कॉलोनी तक सड़क पूरी तरह टूट चुकी है।



सीवन। सड़क की खस्ता हालत। फोटो :हरिभूमि

### स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही

इस ओर न तो कोई स्थायी समाधान किया जा रहा है और न ही किसी स्तर पर ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग केवल औपचारिकता निभाते हुए बार-बार पैचवर्क करवा देता है, जो कुछ ही दिनों में फिर से उखड़ जाता है। भारी वाहनों की आवाजाही और बढ़ते ट्रैफिक दबाव के चलते सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि बार-बार अस्थायी मरम्मत के बजाय सड़क का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और हादसों पर भी रोक लग सके।

### दोबारा शुरू करवाया जाएगा पैचवर्क का कार्य

एसडीओ अरुण कंसल ने बताया कि जल्द ही सड़क पर पैचवर्क का कार्य दोबारा शुरू करवाया जाएगा और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

## खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों के लिए हुई ट्रायल

# जिले की 27 विभागीय खेल नर्सरियां आज से होंगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले की 27 विभागीय खेल नर्सरियां एक अप्रैल से नर्सरियां शुरू हो गई हैं। एक नर्सरी में 25 खिलाड़ी अभ्यास कर सकते हैं, वहीं 10 खिलाड़ियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। विभागीय खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों के लिए मंगलवार को ट्रायल आयोजित की गई थी। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की आयु आठ से 19 वर्ष के बीच निर्धारित की गई थी। वहीं निजी खेल नर्सरियां अलाट होने में थोड़ा समय लग सकता है। हालांकि खेल विभाग की ओर से अप्रैल माह के पहले या दूसरे सप्ताह में निजी खेल नर्सरियां अलाट करने का प्रयास रहेगा। हालांकि पिछले सत्र में 58 खेल नर्सरियां अलाट की गई थी। वहीं इस सत्र में 29 खेलों के लिए 336 आवेदन सरकारी स्कूलों ग्राम पंचायतों व निजी स्कूल की नर्सरी संचालकों द्वारा किए गए हैं। प्राइवेट खेल नर्सरियों में इसमें सबसे ज्यादा 77 आवेदन कबड्डी नर्सरी के लिए आए हैं। इसके बाद एथलेटिक्स के लिए 48 व तीसरे नंबर पर कुश्ती के लिए 40 आवेदन आए हैं। इस बार की खास बात यह है कि निजी स्कूल संचालकों से भी नर्सरी के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जबकि पिछली बार केवल सरकारी स्कूलों व ग्राम पंचायतों को खेल नर्सरियां अलॉट की गई थी। इस बार खेलों को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिक एशियन व कामनवेल्थ खेलों में शामिल खेल नर्सरी खोली जाएंगी। विभाग द्वारा इन संस्थानों को हिदायत अनुसार 20 से 25 हजार रुपये प्रशिक्षकों को मानदेय व 1500 से दो हजार रुपये खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि सत्र 2025-26 में अलाट खेल नर्सरियां 31 जनवरी को बंद हो चुकी हैं। अब अप्रैल माह में नई खेल नर्सरियां अलाट होंगी। पिछले सत्र में जिले में 58 खेल नर्सरियां ग्राम पंचायतों व सरकारी स्कूलों को अलाट थी। एक नर्सरी में 25 खिलाड़ी अभ्यास करेंगे। खिलाड़ी को माह में 22 दिन हाजिरी लगानी अनिवार्य होती है। हाजिरी के आधार पर ही खिलाड़ियों को डाइट राशि प्रदान की जाती है।

### निजी खेल नर्सरियां जल्द अलाट होंगी

जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि एक अप्रैल से विभागीय खेल नर्सरियां शुरू हो रही हैं। वहीं निजी खेल नर्सरियां जल्द अलाट होंगी। निजी खेल नर्सरियों के लिए 336 आवेदन आए थे। इस बार ओलंपिक, एशियन व कामनवेल्थ खेलों में शामिल खेल नर्सरियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### यह हैं विभागीय नर्सरियां

जिले में 27 सरकारी विभागीय खेल नर्सरियां हैं जो एक अप्रैल से शुरू हो रही हैं। इसमें मिनी स्टेडियम पोली, राजकीय गांधी खेल परिसर नंदगढ़, अर्जुन स्टेडियम, लिजवाना स्टेडियम, नवदीप स्टेडियम नरवाना, राजीव गांधी खेल परिसर हमीरगढ़, एकलव्य स्टेडियम जींद, हथवाला स्टेडियम, राजीव गांधी खेल परिसर गांगोली, महाराज जन्मेजय स्टेडियम सफीदों शामिल हैं।



कलायत स्थित श्री जाहर वीर गोगा पीर के दान पात्र से राशि चुराता नकाबपोश चोर।

### गोगा पीर धार्मिक स्थल के दान पात्र से हजारों चुराए

**कलायत।** कलायत क्षेत्र में इन दिनों चोर गिरोह मुख्य रूप से मंदिरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए सक्रिय है। अभी पुलिस 28 मार्च को चौशाला गांव स्थित प्राचीन च्यवन ऋषि मंदिर में चांदी के छत्र सहित अन्य सामान की चोरी में शामिल चोरों की तलाश रही। इस बीच एक नकाबपोश चोर रात्रि को कलायत स्थित श्री जाहर वीर गोगा पीर धार्मिक स्थल के पूजा स्थल में घुस गया। चोर ने दान पात्र का ताला ने टूटने पर लकड़ी के टूकड़े के साथ पोलिथिन का जुगाड़ बनाकर बंद दान पात्र से राशि चुराने की घटना को अंजाम दिया। चोरी की घटना धार्मिक स्थल पर लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई। चोरी की घटना को लेकर श्रद्धालुओं में रोष है। कहा कि चोर गिरोह लगातार धार्मिक भावना के साथ-साथ सुरक्षा को चुनौती देते चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसके लिए पुलिस द्वारा ठोस कार्यवाही जरूरी है। इस कड़ी में बाबा नौगजा पीर धार्मिक स्थल से एक महिला द्वारा बच्चे के माध्यम से श्री कृष्ण दरबार से कान्हा चुराने की वीडियो भी तेजी से वायरल हो रही है। थाना प्रबंधक सुभाष चंद्र ने बताया कि चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस पूरी तरह सजग है। इस कड़ी में अलग-अलग चोरी की घटनाओं में शामिल चोरों को काबू किया जा रहा है। धार्मिक स्थलों पर हुई चोरी की घटनाओं को लेकर भी एसपी के निर्देश पर डीएसपी की अगुवाई में छानबीन जारी है।

# भारत सरकार से अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को रद्द करने की मांग

# बीज व बिजली संशोधन विधेयक को शीघ्र वापस लेने की मांग उठाई

## सरकार किसानों के हित-देश की खाद्य सुरक्षा अमेरिका को सौंप रही : सिंह

**ट्रेड डील को तुरंत प्रभाव से रद्द करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वरिष्ठ एसकेएम नेता जोगेंद्र सिंह उगराहां ने कहा कि सरकार किसानों के हितों और देश की खाद्य सुरक्षा को अमेरिका को सौंप रही है। इस गूंगी व बहरी सरकार को बता देना चाहते हैं कि केंद्र सरकार के द्वारा जो ट्रेड डील की गई है, उस से किसान बर्बादी की कागार पर आ जाएगा। इस ट्रेड डील को तुरंत प्रभाव से रद्द करने की मांग की गई।

वरिष्ठ एसकेएम नेता जोगेंद्र सिंह उगराहां मंगलवार को अनाज मंडी में आयोजित प्रदेशस्तरीय ललकार रैली को संबोधित कर रहे थे। इस रैली में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर राज्य और केंद्र सरकार की किसान विरोधी और विनाशकारी नीतियों के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। रैली में हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा फसल बेचने पर लगाए जा रहे निर्देशों का कड़ा विरोध किया। प्रदेशाध्यक्ष जोगिंद्र नैन व एसकेएम नेताओं ने नायब सैनी सरकार पर धान खरीद में बड़े घोटाले को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय सरकार किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अनुचित और दमनकारी शर्तें थौंप रही है। रैली में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि किसान इन नई शर्तों को नहीं मानेंगे और इन्हें तुरंत वापस लेने की मांग करते हैं। विभिन्न संगठनों के वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते भारत सरकार से अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते से बाहर आने की मांग की। साथ ही बीज संशोधन विधेयक और बिजली संशोधन विधेयक को वापस लेने की मांग की गई। क्योंकि ये कृषि क्षेत्र के लिए बेहद नुकसानदायक हैं। वरिष्ठ एसकेएम नेता जोगेंद्र सिंह उगराहां ने मोदी सरकार की आलोचना करते कहा कि सरकार किसानों के हितों और देश की खाद्य सुरक्षा को अमेरिका को सौंप रही है। किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी आजीविका और स्वतंत्रता संग्राम से हासिल संप्रभुता पर मंडरा रहे साम्राज्यवादी खतरे के खिलाफ संघर्ष तेज करें।


जींद। रैली को संबोधित करते हुए किसान नेता। फोटो :हरिभूमि


जींद। रैली में मौजूद किसान। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस मामलों की धमकियों से एसकेएम डरने वाला नहीं

अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बिजली के निजीकरण और बीज क्षेत्र को कॉर्पोरेट के हवाले करने की नीति की आलोचना की। अमेरिका, इजराइल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमलों में निर्दोष लोगों की हत्या की निंदा की तथा इस मुद्दे पर मोदी सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। जोगेंद्र सिंह नैन ने मानसून के दौरान आई अभूतपूर्व बाढ़ से किसानों की खड़ी फसलों को हुए भारी नुकसान के प्रति सरकार के असंवेदनशील रवैये की कड़ी आलोचना की। एसकेएम ने मुख्यमंत्री को चेतावनी दी कि यदि किसानों के ज्वलंत मुद्दों पर बातचीत के लिए समय नहीं दिया गया तो पूरे प्रदेश में मंत्रिमंडल के बहिष्कार का आह्वान किया जा सकता है। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा दर्ज किए जा रहे पुलिस मामलों की धमकियों से एसकेएम डरने वाला नहीं है।

### मांगों को सरकार तक विचारार्थ भेजा जाएगा

किसानों ने मनरेगा को बहाल करने और चारों श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) को वापस लेने की भी मांग की। रैली में एक अप्रैल को श्रम संहिताओं के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा मनाए जाने वाले काले दिवस के आह्वान का समर्थन किया। रैली में मास्टर बलबीर सिंह, कंवरजीत सिंह, सुखदेव जम्मू, रतन मान, सूबेदार रणबीर, विकास सीसर, सुखविंदर सिंह, मास्टर सतीश, तेजेंद्र थिंद, हंस राज राणा, कैप्टन रणधीर चहल, सुरजीत सिंह और सुमित सहित कई नेता मौजूद रहे। रैली में किसान नेता राकेश टिकैत की उड़िसा पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की निंदा की गई। किसानों ने उपायुक्त को ज्ञापन लेने के लिए रैली में बुलाने की मांग की। उपायुक्त मंच पर पहुंचे और आश्वासन दिया कि किसानों की मांगों को राज्य सरकार तक विचारार्थ भेजा जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### खेत से सोलर मोटर चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव झमोला से बीती रात चोरों ने किसान के खेत से सोलर मोटर को चोरी करने पर जुलाना थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव झमोला निवासी जगदीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत में लगे सोलर मोटर को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर जुलाना थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** डिफेंस कालोनी से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डिफेंस कालोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी को कोई सुराग नही लगा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सद्भाव यात्रा को मिल रहा जबरदस्त जन समर्थन

**उचाना।** अक्टूबर माह में शुरू हुई बांगर के दनौदा गांव से कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में कदम से कदम मिलाकर दनौदा गांव के युवा कांग्रेस नेता राममेहर दनौदा चल रहे है। राममेहर दनौदा साये की तरह बृजेंद्र सिंह के साथ अब तक निरंतर चल रहे है। दनौदा ने दावा किया कि प्रदेश के इतिहास की पहली ये ऐसी यात्रा है जो सदभाव का संदेश लेकर निकली है। अब तक 60 से अधिक हलकों में यात्रा जा चुकी है। ये यात्रा प्रदेश की राजनीति को बदलने वाली होगी। यात्रा का हर जगह स्वागत हो रहा है। बृजेंद्र सिंह को सुनने के लिए हर हलके में भीड़ उमड़ रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में ये यात्रा चल रही है। कहा कि यात्रा में कांग्रेस सांसद, बड़े नेता, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष सहित दूसरे राज्यों से सांसद, विधायक पहुंच कर समर्थन कर रहे है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन पांच को

**जींद।** शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फांडेशन द्वारा पांच अप्रैल रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर संयोजक डा. विवेक सिंगला व प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सुबह नौ से पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस बार रक्तदान शिविर की थीम रक्तदान कीजिए, रक्तवीर बनिए है। शिविर संयोजक डा. विवेक सिंगला ने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में उस व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है।

### लाखों की ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** पुलिस द्वारा धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर थाना नरवाना पुलिस ने यूरोप भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताद कर रही है। थाना शहर नरवाना के प्रभारी उप निरीक्षक आत्माराम ने मंगलवार को बताया कि शिकायतकर्ता चौपड़ा पत्ती नरवाना निवासी रणधीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि हसनगढ़ हिसार निवासी अजीत, अमित व मनजीत ने उसके पुत्र अमन को यूरोप में वर्क वीजा पर भेजने का झांसा देकर सात लाख 4,500 रुपये की राशि हड़प ली।

### स्वच्छता का संदेश देने के लिए निकाली स्वच्छता रैली

**उचाना।** स्वच्छता जागरूकता को लेकर नगर पालिका द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। सचिव अशोक कुमार डांगी के दिशा-निर्देशानुसार निरंतर शहर के वार्डोंए बाजारों में स्वच्छता रैली निकाली जा रही है। आईईसी टीम सदस्य जीतन पूनिया ने बताया कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सभी सहयोग करें। कूड़ा व कर्कट गलीए बाजारों में न डाले। घर में डस्टबिन रख कर उसमें कूड़ा व कर्कट डालें।


जींद। कार्यक्रम विधायक को पगड़ी पहनाते हुए कार्यकर्ता।

### विधायक ने विकास रैली का दिया निमंत्रण


**जींद।** सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का दौरा कर आगामी चार अप्रैल को आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री की धन्यवाद एवं विकास रैली में पहुंचने का आमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यह रैली क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और सफीदों को पिछड़ेपन से निकाल कर विकसित विधानसभा क्षेत्रों की अग्रणी श्रेणी में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि चार अप्रैल को सफीदों की नई अनाज मंडी में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित करेंगे। जिसमें क्षेत्र के लिए अनेक विकास परियोजनाओं और योजनाओं की घोषणा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नही बल्कि सफीदों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का अवसर है। यदि क्षेत्र के लोग एकजुट होकर इस रैली में भाग लेते हैं तो सरकार के सामने एक मजबूत संदेश जाएगा कि सफीदों के लोग विकास के लिए तैयार हैं और अपनी आवाज बुलंद करना जानते हैं।


जुलाना। सतीश कुमार को सम्मानित करते यूनियन के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षक सतीश कुमार सेवानिवृत्त

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के देवरड़ गांव के जेबीटी शिक्षक सतीश कुमार सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति पर जुलाना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सतीश कुमार को ढ़ोल नंगाड़ो से खुशी मनाते हुए स्कूल से जुलाना उनके निवास स्थान तक लाया गया। कार्यक्रम में हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के उप प्रधान सुभाष गिरोह ने लोगों को संबोधित करते हुए सुभाष गिरोह ने कहा कि सतीश कुमार ने अपने सेवा काल में ड्यूटी के अलावा सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर बिजेंद्र, कृष्ण कुमार, अनिल, नरेंद्र कालसन आदि मौजूद रहे।

### विधायक की कथनी-करनी में अंतर नहीः राणा



**उचाना।** उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है। विधायक जो कहते है वो करते है। उचाना में हुई विकास रैली उचाना के विकास में मिल का पत्थर साबित होगी। विधायक की कार्यप्रणाली से हर वर्ग के लोग प्रभावित है। आज सीएम नायब सिंह सैनी की तर्ज पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री आमजन से मिल कर उनकी समस्याओं को सुन समाधान कर रहे है। निरंतर हलके में भाजपा, विधायक की लोकप्रियता बढने से विपक्षी पार्टी के नेताओं को बैचेनी होने लगी है। विकसित उचाना के लिए जो वायदे विधायक ने हलके के लोगों से किए थे उन वायदों को पूरा करने में लगे है। उचाना को पहले राजनीति रैलियों के नाम से जाना जाता था। अब विधायक द्वारा करवाए जा रहे विकास के कामों से उचाना की पहचान विकसित उचाना के रूप में होने लगी है।


उचाना। महावीर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे लोग।

### हर्ष से मनाई भगवान महावीर जयंती

**उचाना।** भगवान महावीर स्वामी की जयंती मंगलवार को जैन समाज द्वारा श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रभात फेरी निकाली गई। जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीएसएस जैन सभा स्थानक के पास भगवान महावीर चौक पर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और भगवान महावीर के सिद्धांतों का गुणगान किया गया। एसएस जैन सभा प्रधान दयानंद जैन ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और करुणा के सिद्धांतों को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि आज विश्व को हिंसा नही बल्कि अहिंसा के मार्ग की आवश्यकता है। तेरापंथ जैन स्थानक प्रधान रामनिवास जैन ने भगवान महावीर स्वामी के उपदेशों को जीवन में आत्मसात करने और सभी जीवों की रक्षा करने का संदेश दिया।

### मई में तैयार होगा खाटू श्याम मंदिर




**उचाना।** करीब 10 महीने से उचाना की राजेंद्रा कालोनी में अतिरिक्त मंडी के पास चल रहे खाटू श्याम मंदिर का निर्माण कार्य मई माह में पूरा होगा। यहां पर 710 गज जमीन में इसका निर्माण हो रहा है। मंदिर उद्घाटन पर प्रसिद्ध कलाकार कन्हैया मित्तल आएंगे। मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण का कार्य देख रहे विकास गर्ग, गौरव जैन, अनूप अग्रवाल, रिंकू गर्ग, अमित जैन, अशोक जैन ने बताया कि निरंतर मंदिर निर्माण को लेकर खूब सहयोग राशि खाटू श्याम भगत दे रहे है। करीब दो करोड़ रुपये इसके निर्माण पर खर्च होंगे। मंदिरए हॉल का निर्माण हो चुका है। अब छह कमरों एवं हॉल का निर्माण पहली मंजिल पर हो रहा है। यहां पर लिफ्ट भी लगाई जाएगी। आधुनिक कमरों का निर्माण होगा ताकि यहां रूकने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद आचार्या कमलेश।

### सम्मान समारोह का आयोजन

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर वमावि जींद में कमलेश रेढू की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक, कमलेश व उनके कुटुम्ब जनों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर भगवती सरस्वती को नमन किया । शिशु आचार्या कमलेश, उनके परिवार के सदस्यों और उपस्थित अतिथिगण का सुमन द्वारा हार्दिक अभिनंदन व स्वागत करते व्यक्तिगत परिचय करवाया । गणिताचार्य इन्द्रजीत, सुशील, सुमन व अन्य शिक्षक बंधु भगिनी द्वारा अपने खट्टे मीठे अनुभव कार्यक्रम में उपस्थित जनों के साथ सांझा किए गए। प्रधानाचार्य अजय, सुशील, इंद्रजीत वशिष्ठ, दीपक कौशिक, संदीप गर्ग, विभा, विभाग प्रमुखों व सेवादारों ने कमलेश को विद्यालय परिवार की तरफ से उपहार भेंट करते पुष्पमाला पहना कर सम्मानित किया।



उचाना। कार्यक्रम आयोजित कर छात्रा तनु को सम्मानित करते हुए।

### निबंध प्रतियोगिता में तनु प्रथम

**उचाना।** अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की पांचवीं कक्षा की छात्रा तनु पुत्री विजयपाल ने प्रथम स्थानए 11वीं कक्षा की छात्रा दिव्या पुत्री जगबीर ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रणधीर शास्त्री ने कहा कि उचाना क्षेत्र में शिक्षण संस्थान खोल जो सपना स्वामी गणेशानंद महाराज ने देखा था उस सपने को आज विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं, स्कूल परिणाम में स्थान प्राप्त करके पूरा कर रहे हैं। इस मौके पर प्राथमिक विभाग के कोऑर्डिनेटर संजय सहित अन्य मौजूद रहे।

# बॉयो गैस प्लांट का विरोध जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। विरोध जताते हुए कालोनीवासी। फोटो :हरिभूमि

जींद के नए बस अड्डे के नजदीक गोहाना रोड़ से सटे रिहायशी क्षेत्र में बने बॉयो गैस प्लांट का विरोध बढ़ता जा रहा है। इस मामले में महाभारतकालीन तीर्थ पांडु पिंडारा की पंचायत और शहर की कई कालोनियों के लोगों ने मोर्चा खोलते हुए तीन अप्रैल को गैस प्लांट के बाहर बड़ा विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। पिंडारा की सरपंच और उनके प्रतिनिधि कुलदीप मलिक ने इस मामले में पंचो के साथ बैठक करने के बाद साफ तौर पर कहा कि रिहायशी क्षेत्र में बना बॉयो गैस प्लांट अस्वीकार्य है। इस प्लांट के कारण आसपास की ही नहीं पूरे जींद की आबोहवा खराब हो जाएगी। लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कतई बर्दास्त नहीं होगा। इसलिए जनभावनाओं के मुताबिक इस प्लांट को बंद करवाने के लिए तीन अप्रैल को गोहाना रोड पर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में पिंडारा के अलावा हैबतपूर, अशरफगढ़, रधाना, निर्जन सहित आसपास के अन्य गांवों व कालोनियों की अहम भागेदारी होगी। क्योकि प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को लेकर लोगों से भरपूर समर्थन मिल रहा है। सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने कहा कि सवाल केवल पिंडारा का नहीं अपितु पूरे जींद के लोगों की जिंदगी का है। इसलिए जनहित में पिंडारा की पंचायत पूरी संजीदगी से आगे खड़ी मिलेगी।


उचाना। कार्यक्रम में दलजीत सिंह शिक्षाविद रामचंद्र अत्री से चर्चा करते हुए।

### एसडीएम का किया भव्य स्वागत

**उचाना।** उचाना के एसडीएम रहे दलजीत सिंह कसूहन गांव में शिक्षाविद रामचंद्र अत्री के निवास पर पहुंचे। यहां पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। गांव के साथ.साथ आस.पास गांव के प्रमुख लोग इस दौरान मौजूद रहे। उचाना में एसडीएम के रहे 10 महीने के कार्यकाल पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान दलजीत सिंह की पत्नी परमजीत, बेटी मोक्षा, बेटा सोमांशु भी मौजूद रहे। रामचंद्र अत्री ने कहा कि परिवर्तन संसार का नियम है। समाज में परिवर्तन होता रहता है चलता रहता है। उसी प्रकार विदाई भी लगभग निश्चित बनी है। पेड़ पत्तों की, बाप के घर से बेटी की, स्कूल से विद्यार्थी की, पहाड़ से नदियों की विदाई तय होती है। मगर कुछ विदाई लोगों के लिए यादगार बन जाती है। एसडीएम दलजीत सिंह की जो उचाना से विदाई हुई है उसको लोग याद रखेगे।

## मालवी के आरके प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र सम्मानित

# रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना


कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव स्थित राधा कृष्ण किड्स प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मार्केटिंग बोर्ड के एसई नवीन दहिया ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। जिसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नृत्य, गीत और नाटिका प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आरोग्यम अस्पताल की टीम द्वारा एक स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। जिसमें 92 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। स्कूल की डायरेक्टर रेनू शर्मा ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाना और उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यातिथि नवीन दहिया ने कहा कि छोटे बच्चों की अगर बचपन में नींव मजबूत होगी तो आगे जाकर वो देश के जिम्मेवार नागरिक बनेंगे और हमारे देश का विकास करने में अहम योगदान देंगे। समाजसेवी सुभाष ढिगाना, साहित्यकार ओमप्रकाश चौहान, बीएम पंवार, डा. योगेश, सत्यवान कौशिक, अशोक पंच, राजेंद्र, धर्मेंद्र, , पूजा दयानंद, युद्धवीर आदि मौजूद रहे।

# आढ़ती, मुनीमों ने गरीब परिवार के मुकेश का राशि एकत्रित कर करवाया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



अपने भाई के साथ वार्ड नंबर पांच में रहने वाले मुकेश के लिए आढ़ती, मुनीम सहारा बन कर पहुंचे थे। मुकेश अपने भाई सुनील के साथ रहता है। अचानक उसके पेट में दर्द हुआ तो उसे उपचार के लिए ओमदत्त डाहोला अपनी गाड़ी में जींद के प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जांच में पता चला कि उसके पेट में जो अपेंडिक्स थी वो फट गई थी। ऐसे में उसका उपचार नहीं होने पर वो जिंदगी और मौत से लड़ रहा था। डॉक्टर ने आप्रेशन करने की बात कहने पर उसके परिवार के सदस्य अधिक राशि खर्च होने पर चिंता में पड़ गए। इतनी राशि उनके पास नहीं होने की जानकारी उन्होंने दी। आप्रेरशन पर करीब 35 हजार से अधिक राशि खर्च होनी थी। ऐसे में उचाना के आढ़ती, मुनीम मुकेश के लिए सहारा बनते हुए ये राशि एकत्रित की। वीरेंद्र, सूरजमल, दीपक, राजेश, कर्मबीर, सुरेश ने कहा कि मुकेश गरीब परिवार से होने के चलते इतनी राशि उनके पास नहीं थी कि वो उपचार कर सकें। पेट में अपेंडिक्स फटने से मौत तक होने का खतरा रहता है। आढ़ती, मुनीमों ने आपस में चंदा एकत्रित करके 35 हजार के आसपास की राशि उपचार के लिए एकत्रित की। जरूरतमंद की मदद करना हर किसी का दायित्व बनता है। पूरा परिवार मुकेश का खुश है क्योंकि आप्रेशन होने के बाद अब मुकेश बिल्कुल स्वस्थ है।

## 21वीं पुण्यतिथि पर जिंदल हाउस में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

# ओम प्रकाश जिंदल के आदर्श आज भी सबके लिए प्रेरणा: सतपाल जांबा

**विधायक सहित अनेक कार्यकर्ता और गणमान्य लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक सतपाल जाम्बा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

पूर्व मंत्री एवं सांसद स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल जी की 21वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर जिंदल हाउस में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बाबूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके महान व्यक्तित्व, संघर्षशील जीवन और समाज सेवा के प्रति उनके अद्वितीय समर्पण को याद किया। वातावरण पूरी तरह श्रद्धा और भावनाओं से ओतप्रोत रहा।

विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सेवा, समर्पण और संस्कारों के जो मूल्य स्थापित किए, वे आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए।" उन्होंने कहा कि बाबूजी का योगदान केवल उद्योग जगत तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने सामाजिक उत्थान और जनसेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए, जिन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। विधायक ने सांसद नवीन जिंदल का भी उल्लेख करते हुए कहा कि वे भी अपने पिता के आदर्शों पर चलते हुए हर कार्यकर्ता के विश्वास, आत्मसम्मान और हौसले को निरंतर मजबूत कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने भी बाबूजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा के अंत में सभी ने एक स्वर में कहा कि बाबूजी के विचार और उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग सदैव समाज को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता के भाव के साथ संपन्न हुआ।



ढांड। गांव सोलूमाजरा में स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल को याद करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## गांव सोलूमाजरा में स्व. ओपी जिंदल की पुण्यतिथि पर किया नमन

- चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**ढांड।** गांव सोलूमाजरा में पूर्व बिजली मंत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल की पुण्यतिथि पर उनके चाहने वालों की तरफ से सभा आयोजित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सभी लोगों ने स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जसबीर सोलूमाजरा ने बाऊजी के जीवन, उनके संघर्ष और समाज सेवा के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जनहित को सर्वोपरि रखा और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने शिक्षा, उद्योग और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलें और समाज सेवा में अपना योगदान दें। इस अवसर पर ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे बाऊजी के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। स्वर्गीय ओपी जिंदल को श्रद्धांजलि देने के लिए क्षेत्रवासी, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे।

## जाट स्कूल में आर्ट संकाय में मनीषा और हिमांशु रहे प्रथम




कैथल। अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते जाट हाई स्कूल सोसायटी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की नॉन बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पिछले साल की तर्ज पर इस साल भी जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की नॉन बोर्ड कक्षाओं का वार्षिक परिणाम बहुत ही शानदार रहा। 11वीं कक्षा की आर्ट संकाय में मनीषा और हिमांशु ने प्रथम स्थान वर्षा और लविश ने द्वितीय स्थान तथा श्रुति व मंजीत ने तृतीय स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में अंजलि ने प्रथम स्थान आयुष ने द्वितीय स्थान तथा तन्नु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में रिशु कुमारी ने प्रथम स्थान यश कुमार ने द्वितीय स्थान तथा लक्ष्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नौवीं कक्षा में रितिका व प्रियांशु ने प्रथम स्थान रितिका चहल व अरमान ने द्वितीय स्थान तथा शिवानी व यश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में प्रवेश सैनी ने प्रथम स्थान चिराग सैनी ने द्वितीय स्थान तथा यशपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में राखी व नैतिक गिल ने प्रथम स्थान नेहा व आर्यन ने द्वितीय स्थान तथा दिव्या व ईशान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी में अनुष्का ने प्रथम स्थान वंशिका ने द्वितीय स्थान तथा माही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी से पांचवी तक सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे।

### किया सम्मानित

प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बच्चों की मेहनत द्वारा अर्जित इन उपलब्धियों पर शुभकामनाएं दी। बताया की बेहतर परिणाम के लिए अनुशासित दिनचर्या व कठिन परिश्रम अति आवश्यक है। जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल उप प्रधान बलजिंदर बनवाला महासचिव एडवोकेट रश्मि सिंह ढुल व कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने छात्र व छात्राओं को मेडल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। राजकुमार ने बच्चों को बताया संयम व अनुशासन में रहकर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। डॉक्टर सत्यवान माजरा ,दलवीर कैरो, महावीर राविश, राजपाल गुहना ,सनी चौसाला महावीर कुंडू विक्रम सौंगल कुलदीप सिंह ,रजत रापड़िया ,स्वतंत्र पाल सिंह व जसवीर मानस ने भी बच्चों को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी।

# कैथल : 5 से 11 अप्रैल तक बूथ लेवल पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम : लीला राम

- 6 अप्रैल को सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का झंडा फहराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। पूर्व विधायक लीला राम कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए।

कैथल विधानसभा में भाजपा की संगठनात्मक मीटिंग में पार्टी स्थापना दिवस के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में कैथल विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्ष और सभी शक्ति केंद्र प्रमुख शामिल रहे। इसके साथ ही चारों मंडलों के प्रभारी भी मौजूद रहे। मीटिंग में मुख्य रूप से संयोजक मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजपाल तंवर ने बताया कि किस प्रकार से पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम करने हैं। उनके साथ सह संयोजक जिला महामंत्री मुनीष शर्मा चीका नपा की चेयरमैन रेखा रानी भी उपस्थित रहीं। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 5 अप्रैल से 11 अप्रैल तक कार्यक्रम चलाने को लेकर रणनीति बनाई गई।राजपाल ने बताया कि भाजपा हर साल की तरह पार्टी का स्थापना दिवस मनाएगी, जो 5 अप्रैल से 11 अप्रैल तक बूथ लेवल पर गाँव गाँव में शहर के सभी वार्डों में मनाया जाएगा।

## प्रबंधक कमेटी ने एसपी को किया सम्मानित

**सीवन।** हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सह-सचिव बलविंद्र सिंह भिंडर प्रभावत, सदस्य मेजर सिंह गुहला एवं गुरनाम सिंह डबरी के नेतृत्व में सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कैथल के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन से उनके कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए जिले में बेहतर कानून व्यवस्था और नशा मुक्त वातावरण की उम्मीद जताई। बलविंद्र सिंह भिंडर प्रभावत ने सीवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि समाज को विश्वास है कि पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज और प्रशासन के आपसी सहयोग से ही सकारात्मक बदलाव संभव है और सिख समाज इस दिशा में पुलिस का पूरा साथ देगा। इस अवसर पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि जिले में नशा और अपराध के खिलाफ अभियान प्राथमिकता के आधार पर चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों के प्रति सख्त रुख अपनाया जाएगा, जबकि कानून का पालन करने वाले नागरिकों को पूरा संरक्षण दिया जाएगा।



कैथल। नवनियुक्त एसपी मनप्रीत सिंह सूदन को सम्मानित करते सिख समाज के प्रतिनिधि।

# आगे बढ़ाने के लिए नई सोच, नई ऊर्जा और सक्रिय कार्यशैली को अपनाना होगा : सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला का स्वागत करते डा. विकास गुप्ता व अन्य।

अग्रवाल वैश्य समाज कैथल जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विनोद सिंगला की अध्यक्षता में किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अशोक के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने और विभिन्न पदों पर नियुक्तियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गईं, जिनमें प्रकाश बंसल को प्रधान, पंकज मित्तल को महासचिव नियुक्त किया । अक्षरा गुप्ता को महिला जिला अध्यक्ष तथा रिद्धी गुप्ता को महिला हलका अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी प्रकार संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने हेतु मनोज सिंगला को विधानसभा अध्यक्ष, प्रदीप गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जयंत बिंदलिश को युवा अध्यक्ष बनाया गया, जबकि मुकेश सिंगला को प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

## महावीर फिर बने अनाज मंडी करोड़ा के प्रधान

**पाई।** पूंडरी की अनाज मंडी में करोड़ा अनाज मंडी के आढ़तियों एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में महावीर शर्मा को सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 के लिए दोबारा से मंडी का प्रधान चुन लिया गया। इससे पहले महावीर शर्मा ने आढ़तियों से कहां की वर्ष 2025- 26 में अगर उनसे कोई गलती हुई है तो वह माफी चाहता है और उसके बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उपस्थित आढ़तियों ने काफी विचार विमर्श के बाद महावीर शर्मा को दोबारा से वर्ष 2026-27 के लिए करोडा अनाज मंडी का प्रधान चुन लिया गया। बैठक में लाला शिव कुमार, प्रदीप गर्ग, मुकेश गर्ग, राजेश गर्ग, संजीव शर्मा, नरेंद्र चौधरी, राजेश गर्ग, सतपाल शर्मा, विनोद शर्मा, विनोद गर्ग, राकेश गर्ग आदि आढ़ती उपस्थित थे।

## हनुमान जी के स्मरण से सभी कष्टों से मिलेगा छुटकारा: शर्मा

- प्राचीन हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मोत्सव कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी के प्राचीन हनुमान मंदिर में चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 2 अप्रैल दिन गुरुवार को हनुमान जी जन्मोत्स्व प्राचीन हनुमान मंदिर पूंडरी में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। पुजारी सोहन लाल शर्मा नें बताया कि 2 अप्रैल को हनुमान जी जन्मोत्स्व के अवसर पर प्रातः हनुमान जी का स्नान व श्रृंगार करवाया जाएगा। उन्होंने नें कहा कि जो भक्त जन हनुमान जी का स्नान, श्रृंगार, उद्धापन करवाना चाहते हैं या करवा सकते हैं। उसके बाद हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, हनुमान अष्टक का पाठ किया जाएगा।उसके बाद हवन यज्ञ कर प्रशाद का भोग लगाया जाएगा। उन्होंने बताया की हनुमान जी के स्मरण से सभी कष्ट दुविधाओं से छुटकारा मिलता है।

## कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर लोगों से की जा रही साइबर ठगी: एसपी गोयल

- पुलिस अधीक्षक गोयल ने साइबर धोखाधड़ी पर जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। एडवाइजरी की जानकारी देते एसपी गोयल। फोटो : हरिभूमि

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर साइबर ठग लोगों के साथ ठगी करने लगे हैं। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने साइबर धोखाधड़ी से आमजन को सावधान रहने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी स्वयं को बैंक कर्मचारी या कस्टमर केयर अधिकारी बताकर फोन कॉल, मैसेज या ई.मेल के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठग लोगों को यह झांसा देते हैं कि उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा रही है अथवा कार्ड पर विशेष ऑफर उपलब्ध है । इसके बाद वे ओटीपी, कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, एक्सपायरी डेट या इंटरनेट बैंकिंग विवरण मांगते हैं।

### साइबर ठगी से बचाव के लिए ये बरतें सावधानियां

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को साइबर ठगी से बचने के लिए आहवान किया है कि वह अनजान कॉल पर खुद को बैंक अधिकारी बताने वालों की बातों में न आएं, किसी भी व्यक्ति को ओटीपी, सीवीवी, पिन, पासवर्ड या कार्ड विवरण सांझा न करें। इसके अलावा क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने या ऑफर से संबंधित जानकारी केवल बैंक की आधिकारिक शाखा या अधिकृत ऐप,वेबसाइट से ही सत्यापित करें।

## वाहन चोरी के मामले में आरोपी दबोचा, चोरीशुदा बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा बाइक चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते आरोपी शुगर मिल कालोनी कैथल निवासी संदीप उर्फ काकु को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव ड्योड खेड़ी निवासी सम्भालु राम की शिकायत अनुसार 28 मार्च को वह उसके ताऊ के घर के बाहर बाइक खड़ी करके दुध लेने गया था। वापिस बहार आकर देखा तो कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना तितरम में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई। आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## पंचदिवसीय आर्य युवा वैदिक चेतना एवं योग शिविर का समापन

# समाज का सभ्य नागरिक बनने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल में आयोजित पंचदिवसीय आर्य युवा वैदिक चेतना एवं योग शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय निदेशिका सुमन निझावन और सचिव डी ए वी प्रबंधकर्त्री समिति नई दिल्ली,सहमंत्री आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा,नई दिल्ली, आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा के प्रधान सतपाल आर्य की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने मुख्य अतिथि का पारंपरिक रूप से पटका और पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि आधुनिक युग में छात्रों को इंजीनियरिंग और डॉक्टर बनने के साथ-साथ समाज का सभ्य नागरिक भी होना चाहिए तथा उनमें नैतिक मूल्यों का समावेश भी होना चाहिए।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पारितोषिक वितरित किए

समापन समारोह के दौरान शिविरार्थियों द्वारा अर्जित प्रशिक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया, जिसमें भजन गायन, डंबल, कराटे, लेजियम, दंड बैठक, लाठी संचालन एवं योगाभ्यास जैसी विविध गतिविधियां शामिल थीं। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि शिविर ने उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और वैदिक संस्कृति के प्रति जागरूकता को प्रबल किया है। क्षेत्रीय निदेशिका सुमन निझावन जी ने शिविरार्थियों को चरित्र बल की उपयोगिता बताते हुए योग शिविर की सार्थकता पर बल दिया। सतपाल आर्य ने शिविरार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त शारीरिक, बौद्धिक एवं आत्मिक उन्नति के प्रशिक्षण को केवल शिविर तक ही सीमित नहीं रखना है। जीवन को श्रेष्ठ बनाने वाले इस प्रशिक्षण को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना है और स्वयं भी श्रेष्ठ बनना है तथा दूसरों को भी श्रेष्ठ बनाना है। हमारा उद्देश्य तो संसार का उपकार करना है। इस अवसर पर शिविरार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पारितोषिक वितरित किए गए। ध्वजावतरण व शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह पंचदिवसीय शिविर विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में सहायक सिद्ध होने के साथ-साथ उनके चरित्र निर्माण एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में भी प्रभावशाली साबित हुआ।


# सनातन धर्म स्कूल जीन्द

## सार्वजनिक सूचना

सनातन धर्म स्कूल की जीन्द प्रबंधक समिति के आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रबंधक समिति की कार्यकारिणी के पांच पदाधिकारियों के चुनाव दिनांक 10.05.2026 को होने निश्चित हुए हैं। मतदाता सूची (आजीवन सदस्य) सनातन धर्म स्कूल के नोटिस बोर्ड पर लगा दी गई है। चुनाव प्रक्रिया निम्न प्रकार से होगी :-

| | |
|---|---|
| मतदाता सूची का प्रकाशन | 01.04.2026 |
| नामांकन पत्र भरने के तिथि व समय | 11.04.2026 से 13.04.2026 तक प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक |
| नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की तिथि व समय | 14.04.2026 प्रातः 11 बजे से |
| नामांकन पत्र वापस लेने की तिथि व समय | 16.04.2026 प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक |
| चुनाव चिन्ह आवंटन की तिथि व समय | 17.04.2026 प्रातः 11 बजे |
| चुनाव तिथि व समय व स्थान | 10.05.2026 प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक एसडी स्कूल, न्यू बिल्डिंग विद्यापीठ मार्ग जीन्द |

नोट :-
1. आजीवन सदस्य का पहचान पत्र अनिवार्य है।
2. कोषाध्यक्ष पद हेतु सनातन धर्म सभा का भी सदस्य होना अनिवार्य है।

**रिटर्निंग अधिकारी, चुनाव अधिकारी**

घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने पर होगी सख्त कार्रवाई

# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी व जमाखोरी पर जिला प्रशासन सख्त, विशेष टीमों का गठन

» जिले में 24 गैस एजेंसियां व 178 पेट्रोल पंप, आपूर्ति में कोई कमी नहीं

» आमजन से अनावश्यक रूप से स्टॉक व जमाखोरी न करने की अपील



जींद। गैस एजेंसी के बाहर लगी सिलेंडर पर्ची के लिए लाइन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। सप्लाई चैन सामान्य रूप से कार्य कर रही है। अनावश्यक रूप से स्टॉक करने की कोई आवश्यकता नही है। डीसी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे केवल आवश्यकता के अनुरूप ही पेट्रोल, डीजल व एलपीजी गैस लें तथा किसी भी प्रकार की जमाखोरी से बचें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक स्टॉक करना उचित नहीं है, इसलिए सभी नागरिक जिम्मेदारी का परिचय दें और जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू एलपीजी गैस का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही किया जाए। यदि कहीं भी घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मांग के अनुसार पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीसी ने कहा कि जिले में पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों पर उपलब्धता की नियमित निगरानी की जा रही है। राशन डिपो व लेबर कैंटीनों में खाद्य आपूर्ति व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आमजन व श्रमिक वर्ग को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पेट्रोल, डीजल व एलपीजी गैस की कालाबाजारी अथवा अवैध भंडारण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों को निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट का करें अधिक प्रयोग

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जहां तक संभव हो सार्वजनिक परिवहन जैसे बस व रेल सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें। इससे ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग मिलेगा।

### प्रतिदिन 5881 उपभोक्ताओं को मिल रहे सिलेंडर

डीएफएससी राजेश आर्य ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर मांग के अनुसार समिति के माध्यम से वितरित किए जा रहे हैं। जिला भर में 24 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जो नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। प्रतिदिन लगभग 5881 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वर्तमान में गैस कंपनियों के पास लगभग 9947 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जो मांग से अधिक है। एलपीजी गैस की कालाबाजारी व जमाखोरी पर रोक के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। जिले में 178 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जबकि लगभग 22 सीएनजी पंप भी कार्यरत हैं।

### समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**जींद।** डीएफएससी राजेश कुमार आर्य ने बताया कि उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार जिला मे एलपीजी की कालाबाजारी, जमाखोरी तथा अनाधिकृत उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिसके मद्देनजर जिले में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 01681-245375 निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कंट्रोल रूम के माध्यम से आमजन अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे। जिनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी से संबंधित शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है। ये अधिकारी संबंधित क्षेत्रों में गैस एजेंसियों व निरीक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर शिकायतों का समाधान करेंगे तथा नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### ईंधन को अनावश्यक रूप से न करें स्टॉक : अपराजिता



डीसी अपराजिता।

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि जिला में पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई भी कमी नहीं है। जिला में उपभोक्ताओं को निरंतर रूप से आपूर्ति उपलब्ध करवाई जा रही है। कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है। खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अनुसार जिला में फरवरी माह में लगभग 72 हजार लीटर डीजल आया था, वहीं मार्च माह में इसकी आपूर्ति लगभग दोगुनी होकर डेढ़ करोड़ लीटर की आपूर्ति हुई है। इस प्रकार से डीजल की कमी नहीं बल्कि दोगुनी आपूर्ति हुई है। लोग बिना जरूरत के खरीदारी न करें, उन्हें जब जरूरत होगी आपूर्ति मिल जाएगी, क्योंकि डीजल, पेट्रोल और गैस की निरंतर आपूर्ति हो रही है, इसीलिए नागरिक जरूरत अनुसार ही पेट्रोल, डीजल और गैस लें, अनावश्यक रूप से इसे घरों पर स्टोर न करें। डीसी अपराजिता ने कहा कि आमजन अफवाहों पर ध्यान न दें। आमजन को इससे संबंधित कोई जानकारी चाहिए तो वह टोल फ्री नंबर 01746-224243 पर सुबह आठ बजे से सायं आठ बजे तक संपर्क कर सकते हैं। गैस सिलेंडरों को निर्धारित मापदंड अनुसार वितरण किया जा रहा है। किसी ने बेवजह अफवाह फैलाई तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीसी अपराजिता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पेट्रोल, डीजल और गैस वितरण पर पैनी नजर बनाएं और निरंतर निरीक्षण करते रहें। यदि कहीं कोई कालाबाजारी करता हुआ पाया जाता है तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाएं। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं है, उपभोक्ताओं को निरंतर सप्लाई की जा रही है। अधिकारियों द्वारा इनके वितरण पर पूरी निगरानी बनाई गई है। अभी तक एक एफआईआर दर्ज की गई है तथा 15 सिलेंडरों को जब्त किया गया है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

पांच को जींद को मिलेगी करोड़ों की सौगातें

## प्रदेश में बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता: डॉ. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कालोनीवासियों को संबोधित करते हुए डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के समग्र, संतुलित एवं योजनाबद्ध विकास के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि शहरों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हो, नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध हो तथा विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे।

डिप्टी स्पीकर भारत नगर एवं इम्पलॉयज कॉलोनी क्षेत्र में आयोजित जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्रवासियों को पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जींद में आयोजित होने वाली धन्यवाद एवं विकास रैली में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे थे। इस अवसर पर डा. मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने बताया कि जींद सहित पूरे क्षेत्र में सड़कों का सुदृढ़ीकरण, पेयजल व्यवस्था का विस्तार, सीवरेज सिस्टम का सुधार, सफाई व्यवस्था को आधुनिक बनाना तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंच कर मुख्यमंत्री के विचारों को सुनें तथा क्षेत्र के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह रैली केवल एक कार्यक्रम नही बल्कि विकास के प्रति जनभागीदारी का एक महत्वपूर्ण अवसर है। डा. मिड्ढा ने आगे बताया कि प्रस्तावित रैली के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जींद क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की घोषणा की जाएगी। इन परियोजनाओं से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और शहर के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से आमजन को सीधा लाभ पहुंचेगा तथा रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य करते हुए हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

### कार्यक्रम को बनाएं सफल

डिप्टी स्पीकर ने अंत में पुनः सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे पांच अप्रैल को आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली में अधिकाधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा प्रदेश के विकास की इस यात्रा में सहभागी बनें। इस अवसर पर विभिन्न विभागो के अधिकारी एवं शहरवासी उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप

#### गेहूं के सीजन को लेकर प्रबंध पुख्ता: सुरेंद्र

**उचाना।** उचाना मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि एक अप्रैल से गेहूं की खरीद को लेकर सभी प्रबंध पुख्ता है। अनाज मंडी, सब यार्ड एवं परचेज सेंटरों पर बिजली, पानी, सफाई सहित सभी प्रबंधों का जायजा लिया जा चुका है। अलग-अलग दिनों को अलग-अलग एजेंसी गेहूं की खरीद करेंगी। उचाना में परचेज सेंटर काब्रच्छा, घोघड़िया, धनखड़ी के अलावा छात्तर सब यार्ड, उचान अनाज मंडी में गेहूं की खरीद होगी। गेहूं का एमएसपी रेट बढ़ाते हुए 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।

#### चार श्रम संहिताओं के विरोध में कर्मचारी आज मनाएंगे काला दिवस

**जींद।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन की जिला कमेटी जींद ने केंद्र सरकार द्वारा लागू की जाने वाली चार श्रम संहिताओं के विरोध में आगामी एक अप्रैल को काला दिवस मनाने और जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीटू जिला प्रधान रमेश चंद्र ने बताया कि केंद्र सरकार मजदूरों के कड़े विरोध और ऐतिहासिक हड़तालों के बावजूद एक अप्रैल से मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं को अधिसूचित करने की घोषणा कर चुकी है। सरकार के इस तानाशाही रवैये के खिलाफ मजदूरों में भारी आक्रोश है और इस आक्रोश को लेकर एक अप्रैल को काला दिवस मनाते हुए प्रदर्शन करेंगे।

## जनता कॉलेज के दो खिलाड़ी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी स्पर्धा में चयनित: प्राचार्य

- 28 व 29 को कुरुक्षेत्र विवि में हुई थी इंटर विवि प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



ढांड। बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल के खिलाडी। फोटो : हरिभूमि

बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल के दो होनहार रग्बी खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए होने पर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज के खिलाड़ी यश और कुदरत का चयन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की रग्बी टीम में हुआ है, जो भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रग्बी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि दिनांक 28 व 29 मार्च को कुरुक्षेत्र विवि में आयोजित अंतर महाविद्यालय रग्बी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में जनता कॉलेज की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर ही दोनों खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय टीम में चयन हुआ है। प्राचार्य ने कहा कि विश्वविद्यालय टीम में दो खिलाड़ियों का चयन संस्थान के लिए गर्व का विषय है। कॉलेज के खिलाड़ियों ने मुक्केबाजी, वॉलीबॉल, तलवारबाजी में विश्वविद्यालय व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## एसटीपी व सीवरेज के लिए 50 करोड़ मंजूर

- करसिंधु के लोगों को मिलेगी शहरों जैसी सुविधाएं
- महाग्राम का दर्जा मिलने के बाद 50 करोड़ रुपये हुए मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। चंडीगढ़ से सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो : हरिभूमि

बीते दिनों उचाना में सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा विकास रैली में की गई घोषणाओं पर कार्य शुरू हो गया है। करसिंधु गांव को महाग्राम का दर्जा मिलने के साथ यहां के लोगों को आने वाले दिनों में शहरों की तरह सुविधाएं मिलेगी। 18 फरवरी को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में आयोजित विकास रैली में सीएम नायब सिंह सैनी पहुंचे थे। करसिंधु गांव में एसटीपी बनने के साथ-साथ पूरे गांव में सीवरेज लाइन बिछाने के साथ-साथ अन्य कार्य जो महाग्राम योजना के तहत होने है उसको लेकर 50 करोड़ रुपये की राशि मंजूर हो चुकी है। टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया आने वाले दिनों में शुरू होगी। उचाना शहर के करीब 18 साल पहले सीवरेज पाइप लाइन बिछाई गई थी। सीवरेज पाइप लाइन की चौड़ाई कम होने के चलते बार-बार सीवरेज जाम होने की समस्या के साथ-साथ बारिश के पानी की निकासी भी प्रभावित हो रही थी। काफी समय से लोगों नए सिरे से सीवरेज लाइन की मांग कर रहे थे।

### कसूहन में खर्च होंगे तीन करोड़

कसूहन गांव में बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण, जलघर का दोबारा से निर्माण, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने को लेकर सीएम घोषणा के बाद तीन करोड़ रुपये की राशि मंजूर हुई है। करसिंधु, उचाना नपा एरिया एवं कसूहन में जन स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न कामों के लिए 62 करोड़ रुपये मंजूर हुए है।

### घोषणाओं की राशि मंजूर

उचाना विधायक देवेंद्र अत्री ने बताया कि उचाना विकास रैली उचाना के विकास के लिए नए आयाम स्थापित करेगी। जो घोषणाएं सीएम नायब सिंह सैनी ने की थी उनको लेकर राशि मंजूर अलग-अलग विभागों की हो रही है। रसिंधुए कसूहनए उचाना नपा एरिया को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग के कामों को लेकर 62 करोड़ मंजूर हो चुके हैं। आने वाले दिनों के टेंडर प्रक्रिया कामों को लेकर होगी। हर घोषणा पर काम आने वाले दिनों में शुरू होता नजर आएगा। किसित उचाना का जो सपना देखा था वो पूरा होगा। चंडीगढ़ में सीएम से मुलाकात के दौरान विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

## साइबर सेल ने ढूंढे करीब 14 लाख के 85 मोबाइल

- डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने मोबाइल मालिकों को सौंपे उनके फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। फोन मालिकों को गुमशुदा फोन लौटाते हुए डीएसपी गुरविंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश की अगुवाई में एएसआई रणदीप सिंह, एचसी दीपक, एचसी अरुण, सिपाही अजय वीर व मोनु की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटा कर मार्च माह में आमजन के गुम हुए करीब 14 लाख रुपये से अधिक कीमत के 85 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। डीएसपी गुरविंद्र सिंह द्वारा पुलिस लाइन कैथल में आज उक्त मोबाइल फोनों के मालिकों को बुलाकर मोबाइल फोन सौंपे गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का थैंक्स कहकर आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल टीम की प्रशंसा की।

डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने कहा कि जिला पुलिस की साइबर सेल ने अब तक सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त मोबाइल गुम की शिकायतों की मॉनिटरिंग करते हुए लाखों रुपए की कीमत के मोबाइल को ट्रेस करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने सीईआईआर पोर्टल के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए इस पोर्टल की खासियत यह है कि इस पर शिकायत रजिस्टर्ड करने उपरांत मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक हो जाता है और मोबाइल ट्रेस होने उपरांत शिकायतकर्ता को सूचना दे दी जाती है।

### बागवानी को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अनुदान योजनाएं

**कैथल।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न विशेष अनुदान योजनाएं लागू की गई हैं। इन योजनाओं के माध्यम से सब्जियों, मशरूम एवं आधुनिक तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। डीसी अपराजिता ने बताया कि सब्जियों की खेती पर किसानों को 15,000 से 25,500 रुपये प्रति एकड़ तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके अलावा, बांस आधारित सब्जी उत्पादन पर 31,250 से 53,125 रुपये तथा आयरन स्टेकिंग तकनीक पर 70,500 से 1,19,850 रुपये तक की सहायता प्रदान की जा रही है।

मलेरकोटला के यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ

## कोरोना काल से बंद जनता एक्सप्रेस को फिर से शुरू करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कोरोनाकाल के दौरान बंद जनता एक्सप्रेस को एक बार फिर से बहाल करने की तैयारी तेज हो गई है। रेलवे ने इस संबंध में सभी जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ट्रेनों के संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट भी मांगी गई है। जल्द ही इस ट्रेन को हरी झंडी मिल सकती है। जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। 22479-80 शरबत दा भला एक्सप्रेस का मलेरकोटला स्टेशन पर ठहराव भी प्रस्तावित किया गया है। इस ठहराव की लंबे समय से मांग की जा रही थी, जिसे अब रेलवे गंभीरता से ले रहा है। यदि यह प्रस्ताव मंजूर हो जाता है तो मलेरकोटला और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें लंबी दूरी के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी। कोरोना महामारी के दौरान रेलवे ने कई ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया थाए जिनमें जनता एक्सप्रेस भी शामिल थी। हालांकि स्थिति सामान्य होने के बाद अधिकांश ट्रेनों को फिर से शुरू कर दिया गयाए लेकिन कुछ ट्रेनें अब तक बहाल नहीं हो पाई थी। नई दिल्ली सीपीआरओ अजय माइकिल ने बताया कि 19023-24 फिरोजपुर-मुंबई जनता एक्सप्रेस चलाने को लेकर रेलवे ने प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### कोर्ट के पीछे ग्राउंड से बाइक चोरी, केस दर्ज

**कैथल ।** शहर के सेक्टर 19 क्षेत्र में कोर्ट के पीछे स्थित ग्राउंड से एक बाइक चोरी हो गई। शिकायत मिलने के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अशोका गार्डन कॉलोनी निवासी मोहित गर्ग ने बताया कि 29 मार्च को शाम करीब 5:20 बजे उन्होंने अपनी बाइक कोर्ट के पीछे सेक्टर-19 के सामने ग्राउंड में खड़ी की थी। कुछ समय बाद लौटने पर उनकी बाइक वहां से गायब मिली। मामले के जांच अधिकारी एसआई मनजीत ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

अस्पताल प्रशासन ने बनवाया चार फीट चौड़ा नया गेट, रैंप बन कर हुआ तैयार

## गायनी वार्ड के पास ही मिलेगी जच्चा और बच्चा को एंबुलेंस सुविधा

महिलाओं को एंबुलेंस के लिए नहीं जाना होगा मेन गेट के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रैंप पर ब्लॉक्स लगाते हुए मजदूर। फोटो :हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में गायनी वार्ड के पास ही जच्चा और बच्चा को एंबुलेंस सुविधा आगामी दो से तीन दिन में मिलनी शुरू हो जाएगी। गायनी वार्ड के पास ही चार फीट चौड़ा नया गेट बनाया गया है। गेट लग कर तैयार है और रास्ते को लेकर रैंप पर ब्लॉक्स लगाने का कार्य किया जा रहा है। आगामी एक या दो दिन में रास्ता बन कर बिल्कुल तैयार तैयार हो जाएगा। इस समय नई बिल्डिंग में ही आप्रेशन वार्ड व आप्रेशन के बाद जच्चा व बच्चा को ठहराने के लिए वार्ड है। ऐसे में डिलीवरी के बाद महिलाओं को एंबुलेंस के लिए मुख्य गेट तक नही जाना पड़ेगा। सीधे गायनी वार्ड के पास ही एंबुलेंस सुविधा जच्चा व बच्चा को उपलब्ध हो जाएगी।

### पहले सिटी स्कैन के पास से जाना पड़ता था जच्चा व बच्चा को

इस समय जच्चा व बच्चा को अगर एंबुलेंस से जाना है तो उसे सिटी स्कैन सेंटर के पास बने गेट पर जाना पड़ रहा है। या फिर पुरानी बिल्डिंग में एमरजेंसी के आगे एंबुलेंस को खड़ा करना पड़ेगा। गायनी गायनी वार्ड तक एबुलेंस न पहुंचने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है। अभी रास्ता नए भवन के सामने से होकर जाता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभगा ने सीटी स्कैन के पीछे बने पार्क से रैंप को जोड़ा है। इसके लिए करीब 20 मीटर लंबी सड़क बनाई गई है। रैंप की मुख्य खिड़की तोड़ कर बड़ा दरवाजा लगाया गया है। इससे गाड़ी सीधे मुख्य द्वार तक पहुंचेगी और गर्भवती महिलाओं को स्ट्रेचर पर आसानी से ले जाया जा सकेगा। रैंप बन चुका है और जल्द ही सुविधा यहां से शुरू की जाएगी।

### आपरेशन थिएटर तक पहुंचेगी एंबुलेंस

नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए नई बिल्डिंग में आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस की पहुंच भी होगी। यहां नई बिल्डिंग में पांच आपरेशन थिएटर हैं। यहां दीवार को तोड़ कर तीसरी मंजिल पर बने आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस पहुंचने के लिए रास्ता भी बनाया गया है। ऐसे में आपातकाल में मरीजों को इसकी काफी सुविधा रहेगी।

### गेट बनने से सीधे तौर पर एंबुलेंस सुविधा मिलेगी : पीएमओ

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि गायनी वार्ड के पास गेट लगाया जा चुका है। रैंप बन गया है और इस पर ब्लॉक्स लगाने का काम किया जा रहा है। जिसे बुधवार तक पूरा कर लिया जाएगा। यहां गेट बनने से जच्चा व बच्चे को सीधे तौर पर एंबुलेंस सुविधा मिल जाएगी। आगामी दो दिनों में यह सुविधा शुरू हो जाने की उम्मीद है।